मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554076

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2019–20 / ई–12 / 05 भोपाल, दिनांक– 09 / 04 / 2019

प्रति,

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति ....
जिला – .... (म0प्र0)

विषय :– "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजना के क्रियान्वयन के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित बैठक दिनांक 02.01.2019 में आपकी मण्डी समिति को "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। भारत सरकार द्वारा उक्त प्रत्येक मण्डी के लिये राशि रूपये 30.00 लाख प्रति मण्डी अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जो मण्डी समिति को विमुक्त की जा चुकी है।

(e-NAM) योजना के क्रियान्वयन के लिये भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुदान राशि से प्रथमतः इन्टरनेट कनेक्शन तथा आवश्यक उपकरण क्रय जिनमें कम्प्यूटर, लेपटाप, प्रिंटर (लेजर एवं थर्मल), यू.पी.एस., टेबलेट, एल.ई.डी., प्रोजेक्टर, सोलर इनवर्टर आदि तथा असेइंग एवं ग्रेडिंग लेब सामग्रियॉ आवश्यकता अनुसार क्रय किये जाने की कार्यवाही मण्डी समिति द्वारा की जाना है।

अतः उक्त कोई भी सामग्री / उपकरण मुख्यालय की अनुमति प्राप्त होने के उपरांत ही क्रय किये जाने की कार्यवाही की जावे। निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2019–20 / ई–12 / 06 भोपाल, दिनांक– 09 / 04 / 2019

प्रतिलिपि :– **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. निज सचिव प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. संयुक्त / उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय ....

8/4

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल